**संख्या- 148 /2026/ 1095 /चार-2026-2040379**

प्रेषक,

मनोज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

**संस्कृति अनुभाग:** **लखनऊ: दिनांक: 17 अप्रैल, 2026**

विषय:- दिनांक 14 अप्रैल, 2026 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद सहारनपुर भ्रमण के दौरान उनके स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 49/सं0नि0-15(5)/2026-27, दिनांक 10 अप्रैल, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा जिलाधिकारी, सहारनपुर के पत्र संख्या- 609/ओ0एस0डी0, दिनांक 09 अप्रैल, 2026 के क्रम में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद सहारनपुर आगमन के अवसर पर उनके स्वागत में आयोजित शोभा यात्रा के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। यह भी अवगत कराया गया है कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय एवं किराये का निर्धारण शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया गया है तथा कार्यक्रम पर होने वाले व्यय का विवरण निम्नवत् उपलब्ध कराया गया है:-

| क्रम | विधा | कलाकार का नाम | सदस्य | दो दिवसीय मानदेय | यात्रा | कुल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बधावा लोक नृत्य | सुश्री अंशु ,लखनऊ | 10 | 60000 | 49500 | 109500 |
| 2 | | सुश्री संगम लता, अयोध्या | 10 | 60000 | 56000 | 116000 |
| 3 | | सुश्री सुमन गुप्ता, अयोध्या | 10 | 60000 | 56000 | 116000 |
| 4 | ढेढ़िया लोक नृत्य | सुश्री सपना द्विवेदी , प्रयागराज | 10 | 60000 | 59400 | 119400 |
| 5 | | सुश्री तेजस्वी गोयल, प्रयागराज | 10 | 60000 | 59400 | 119400 |
| 6 | | सुश्री वर्तिका सिंह, प्रयागराज | 10 | 60000 | 59400 | 119400 |
| 7 | धोबिया लोक नृत्य | श्री सलटू राम, गाजीपुर | 10 | 60000 | 72000 | 132000 |
| 8 | | श्री संजय कुमार, गाजीपुर | 10 | 60000 | 72000 | 132000 |
| 9 | वाद्यवृन्द | सम्राट राजकुमार, गाजीपुर | 7 | 60000 | 49500 | 109500 |
| 10 | पाई डंडा लोक नृत्य | श्री रघुवीर सिंह यादव, बांदा | 10 | 60000 | 49500 | 109500 |
| 11 | | श्री रमेश पाल, बांदा | 10 | 60000 | 49500 | 109500 |
| 12 | फरूवाही लोक नृत्य | श्री माता प्रसाद, अयोध्या | 10 | 60000 | 56000 | 116000 |
| 13 | | श्री रवि कुमार, अयोध्या | 10 | 60000 | 56000 | 116000 |
| 14 | | श्री महेश कुमार, अयोध्या | 10 | 60000 | 56000 | 116000 |
| 15 | राई लोक नृत्य | सुश्री राधा प्रजापति, झांसी | 10 | 60000 | 39600 | 99600 |
| 16 | | सुश्री परवीन खान, झांसी | 10 | 60000 | 39600 | 99600 |
| 17 | | सुश्री वंदना कुशवाहा, झांसी | 10 | 60000 | 39600 | 99600 |
| 18 | मयूर लोक नृत्य | श्री रवि शर्मा, मथुरा | 10 | 60000 | 19800 | 79800 |
| 19 | मयूर लोक नृत्य | सुश्री एकता जैन, आगरा | 10 | 60000 | 19800 | 79800 |
| 20 | बम रसिया | श्री खजान सिंह, मथुरा | 10 | 60000 | 19800 | 79800 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | श्री लक्ष्मण बेनीवाल, मथुरा | 10 | 60000 | 19800 | 79800 |
| 22 | करमा लोक नृत्य | श्रीमती आशा देवी, सोनभद्र | 10 | 60000 | 66000 | 126000 |
| 23 | | श्रीमती सुरतिया, सोनभद्र | 10 | 60000 | 66000 | 126000 |
| 24 | मादल लोकनृत्य | श्री गजाधर, सोनभद्र | 10 | 60000 | 66000 | 126000 |
| 25 | | श्री कटवारु, सोनभद्र | 10 | 60000 | 66000 | 126000 |
| 26 | कथक नृत्य | सुश्री तेजस्वी प्रजेश, सहारनपुर | 10 | 60000 | 0 | 60000 |
| 27 | पवंरिया नृत्य | श्री मटरू, आजमगढ़ | 10 | 60000 | 62700 | 122700 |
| 28 | थारु लोक नृत्य | श्री रजनीश सिंह पीलीभीत | 10 | 60000 | 23100 | 83100 |
| 29 | | श्री बंटी सिंह पीलीभीत | 10 | 60000 | 23100 | 83100 |
| 30 | वनटांगिया लोक नृत्य | सुश्री सुगम सिंह शेखावत गोरखपुर | 10 | 60000 | 66000 | 126000 |
| | | | 297 | 1800000 | 1437100 | 3237100 |

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम में प्रतिभागी कलाकारों के मानदेय एवं कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं की व्यय का विवरण | |
| कलाकारों का मानदेय/किराये पर व्यय | 32.38 |
| कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले 300 कलाकारों के दो दिवसीय कार्यक्रम स्थल पर सूक्ष्म जलपान एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर होने वाले व्यय | 7.00 |
| **योग- (रूपये उन्तालीस लाख अड़तीस हजार मात्र)** | 39.38 |

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिनांक 14 अप्रैल, 2026 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद सहारनपुर भ्रमण के दौरान उनके स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय **रू0 39.38 लाख (रूपये उनतालीस लाख अड़तीस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

https://shasanadesh.up.gov.in

(11) कार्यक्रम पर हुए वास्तविक व्यय विवरण से शासन को कार्यक्रम की समाप्ति के एक माह के अन्दर अवगत कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन -19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन - 42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी, सहारनपुर।
4. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।